STATEMENT AND STATEMENT FORMS

वाक्य (Statement / Proposition)
वह वाक्य जो किसी बात को निश्चित रूप से कहता है - अर्थात जो सत्य या असत्य हो सकता है, उसे वाक्य या न्यायवाक्य कहा जाता है।
प्रत्येक वाक्य का एक निश्चत अर्थ होता है और वह सत्य - मूल्य रखता है।

वाक्य की विशेषताएँ:
- वाक्य में कोई विचार या कथन व्यक्त होना चाहिए।
- वह सत्य या असत्य - इन दो में से एक अवश्य होना चाहिए।
- वह प्रश्न, आदेश, या विस्मयादिबोधक वाक्य नहीं होना चाहिए।

वाक्य के उदाहरण

वाक्य ✓	गैर वाक्य ✗
पृथ्वी गोल है।	क्या पृथ्वी गोल है?
2+2=4	दरवाज़ा बंद करो।
सूर्य पूर्व दिशा से उदय होता है।	वाह! कितना सुंदर दृश्य है।

वाक्य के प्रकार:

a) सत्य वाक्य (True Statement)
उदाहरण: जल 100°C पर उबलता है।
अर्थ: यह सत्य है

b) असत्य वाक्य (False Statement)
उदाहरण: सूर्य पश्चिम से उगता है।
अर्थ: यह असत्य है।

c) विशिष्ट वाक्य (Particular Statement)
~~उदाहरण: सभी मनुष्य नश्वर है।~~
उदाहरण: कुछ लोग ईमानदार है।
अर्थ: कुछ के बारे में कहा गया है।